अंचल अधिकारी का कार्यालय, करमाटाँड़(विद्यासागर)

संदिग्ध /अवैध जमाबंदी रद्दीकरण वाद संख्या–79 / 2022

| तिथि | आदेश फलक | मंतव्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 04.01.2023 | –:आदेश:–<br>अभिलेख उपस्थापित।<br>यह अभिलेख मुख्य सचिव, झारखण्ड के पत्रांक 2074 / रा0 दिनाक 13.5.16 के साथ सहपठित उपायुक्त, जामताड़ा के आदेश ज्ञापांक 461 / रा0, दिनांक–14.5.16 के आधार पर संधारित किया गया है।<br>उपायुक्त जामताड़ा के द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में राजस्व उप निरीक्षक हल्का संख्या–02 ने अचल निरीक्षक करमाटॉड(विद्यासागर) के माध्यम से जाँच प्रतिवेदन दिया है कि करमाटाँड(विद्यासागर) अंतर्गत मौजा–शिकरपोसनी, थाना सं0–37, खाता स0–82 / 09, दाग सं0–803 / B, रकवा–0.84 एकड भूमि जमाबंदीदार तिकम पंडित ग्राम– शिकरपोसनी, पोस्ट–मोहनपुर, थाना– करमाटाँड़, जिला जामताड़ा के नाम से पंजी–II में दर्ज है। तथा उक्त भूमि का राजस्व अभिलेख के साथ स्थल जाँच करने पर पाया कि उक्त भूमि का सर्वे खतियान में किस्म पुरातन पतित कहकर दर्ज है तथा जमाबन्दी पंजी के जमाबन्दी न0 82 / 09 में वर्ष 1983–1984 तक लगान जमा दर्ज है। आगे प्रतिवेदित किया है कि चूँकी पंजी–II के प्राधिकार कालम में जमाबन्दी कायम करने का कोई आधार दर्ज नही है तथा जमाबन्दीदार के वारिशानो के द्वारा उक्त जमाबन्दी का कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया है, जिससे उपरोक्त जमाबंदी संदिग्ध / अवैध प्रतीत होता है अतः जमाबन्दी रद्द करने की अनुशंसा की गई है।<br>प्रतिवेदन के आधार पर वादी को नोटिस देकर कई मौके अपना पक्ष रखने हेतु दिया गया। वादी की ओर से उनके पौत्र शनिचर पंडित ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा है कि उनके पास लगान रसीद सं0–094885 उपलब्ध है जिसे उन्होंने समर्पित किया है। उनका कहना है कि भूमि की बंदोवस्ती के संबध मे उनके पास अन्य कोई कागजात उपलब्ध नहीं है। उनका कहना है कि उनके द्वारा किसी पुरातन पतित भूमि पर दखल / कृषि कार्य नही किया जाता है।<br>वादी के द्वारा बंदोबस्ती संबंधी कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने से उपरोक्त वर्णित जमाबदी संदिग्ध प्रतित होता है।<br>अतः अंचल करमाटाँड़(विद्यासागर) अंतर्गत मौजा– शिकरपोसनी, थाना सं0–37, के जमाबन्दी संख्या–82 / 09 पर बंदोबस्ती सबधी कोई साक्ष्य या दावा अप्राप्त रहने के कारण जमाबंदी संख्या–82 / 09 को संदिग्ध मानते हुए उक्त जमाबंदी को रद्द करने की अनुशंसा की जाती है।<br>अग्रेत्तर कारवाई हेतु अभिलेख भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जामताड़ा को भेजें।<br>(हस्ताक्षर) 04.01.23<br>अंचल अधिकारी,<br>करमाटॉड़(विद्यासागर),<br>जामताड़ा। | |

Digitally signed by RAM PRAWESH KUMAR
Date: 2024.07.18 12:31:34 +05:30
Location: 192.168.1.2